## वार्ड में गंदगी पाये जाने पर रमेश डागर को सेवा से पृथक किये जाने का सूचना पत्र जारी

रतलाम। सफाई कार्य में निरंतर लापरवाही बरतने व वार्ड में गंदगी पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 17 के स्थायीकर्मी सफाई संरक्षक व वार्ड प्रभारी रमेश डागर का एक दिवस का वेतन काटने, प्रभारी के पद से हटाये जाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। वार्ड की समुचित साफ-सफाई का दायित्व वार्ड प्रभारी का होता है, प्रभारी रमेश डागर द्वारा वार्ड में नियमित सफाई नहीं करवाये जाने व वार्ड में गंदगी पाये जाने पर रमेश डागर का एक दिवस का वेतन काटा जाकर प्रभारी के पद से हटाया गया व सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका----पृष्ठ ..10...दिनांक..15–4......2021

**नगर निगम का स्वच्छता अभियान**

# पहले लगाए डस्टबिन, फोटो लिए फिर उठाकर अगले चौराहे ले गए

पत्रिका 15-4-2021

रतलाम. स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत नगर निगम का एक बड़ा कारनामा सामने आया है। शहर में सड़क पर कचरा नहीं हो इसके लिए डस्टबिन की खरीदी प्रत्येक नग 7 से 8 हजार रुपए में की गई है। उसको चौराहों पर लगाना है। नगर निगम उसको लगाकर फोटो तो ले रही है, लेकिन वापस निकालकर ले जाकर अगले चौराहों पर ले जा रही है। इसके बाद उन डस्टबिन को अगले चौराहों पर रखा जा रहा है व फोटो लेकर फिर आगे के चौराहों पर ले जाया जा रहा है।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत कई प्रकार के काम नगर निगम कर रही है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया स्वयं इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सुबह 6 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक आयुक्त झारिया स्वयं विभिन्न मोहल्लों में जाकर निरीक्षण कर रहे हैं। लेकिन नीचे के कर्मचारी ही गड़बड़ी कर रहे है। कभी मोहल्लों में कचरा गाड़ी नहीं जा रही है तो कभी कर्मचारी ही नदारत हो रहे है। अब एक नया ही कारनामा सामने आ गया है।

नगर निगम के यहां लगाए दोपहर में



नगर निगम रोड़ पर स्वच्छता समूह व निगम के कर्मचारी डस्टबिन लगाने के लिए आए। दो डस्टबिन लगाने के बाद फोटो लिए गए। इसके बाद अन्य रंग के दो डस्टबिन लगाए गए व उनके भी फोटो कर्मचारियों को खड़ा रखकर लिए गए। इसके बाद होना यह था कि उनको छोड़कर आगे के चौराहे पर चलना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

**फोटो होते ही उठाकर चल दिए-** फोटो के बाद ले जाते कर्मचारीफोटो होते ही अधिकारियों ने अपने कैमरे बंद कर दिए। इसके बाद जो कर्मचारी पहले डस्टबिन के साथ फोटो करवा रहे थे, उन्होंने उन डस्टबिन को बारी बारी से उठाया व आगे के सफर को चल दिए। नगर निगम चौराहे पर आने के पूर्व दल के सदस्यों ने यही क्रिया रत्नेश्वर रोड पर की थी। वहां भी फोटो लिए व उनको उठाकर चल दिए थे।



विभिन्न चौराहो पर अलग-अलग रंग के डस्टबिन लगाए जा रहे है। अगर मात्र फोटो के लिए कुछ स्थान पर यह किया गया कि लगाए व हटा दिए गए तो मामले की जांच की जाएगी व कार्रवाई की जाएगी। **- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

# बेकाबू कोरोना... पहली बार एक्टिव केस 1054, सिर्फ 44 दिन में 2242.22% बढ़े, 5 दिन से रोज 3 की मौत

## फरवरी में शहर में सिर्फ 45 एक्टिव केस थे, अब हर वर्ग में फैल रहा, 78 पुलिसकर्मी भी हो चुके हैं संक्रमित

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे शहर में सिर्फ 45 दिन में 2042.22% एक्टिव केस बढ़ गए है, जो चिंताजनक है। अब एक्टिव केस पहली बार 1054 हो गए। संक्रमण बेकाबू है। ऐसे में बेहतर है कि आप घरों में ही रहें। क्योंकि, संक्रमण की रफ्तार अचानक कम होने के आसार नहीं हैं।

हमारे जिले में कोरोना संक्रमण बेकाबू हो रहा है, 28 फरवरी को जिले में सिर्फ 45 एक्टिव केस थे। कुल पॉजिटिव की संख्या 4436 पर आ गई थी। सभी निश्चिंत थे, संक्रमण ने रफ्तार पकड़ना शुरू कर दी। रफ्तार ऐसी कि 44 दिन में यानी मंगलवार को एक्टिव केस का आंकड़ा 1 हजार के पार हो गया। इसलिए चिंताजनक है क्योंकि, संक्रमण 2242.22% से बढ़ा, जो कि डराने वाली रफ्तार है। 28 फरवरी तक जिले में 82 लोगों ने दम तोड़ा था। जिले में सिर्फ 13 दिन में 30 पॉजिटिव दम तोड़ चुके हैं। जिले में 9 अप्रैल से रोज 3 पॉजिटिव की मौत हो रही है। संदिग्धों की मौत का आंकड़ा कई ज्यादा है।

### शहर के थानों की स्थिति

| थाना | उपलब्ध बल | पॉजिटिव |
|---|---|---|
| स्टेशन रोड | 80 | 5 |
| माणकचौक | 59 | 1 |
| औद्योगिक क्षेत्र | 53 | 5 |
| दीनदयाल नगर | 51 | 4 |
| न.पु.अ. कार्यालय | 6 | 0 |

### शुक्र है... 13 दिन में 1050 मरीज ठीक होकर अपने घर पहुंचे

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल | 83 | 5 अप्रैल | 87 | 9 अप्रैल | 139 |
| 2 अप्रैल | 59 | 6 अप्रैल | 79 | 10 अप्रैल | 105 |
| 3 अप्रैल | 62 | 7 अप्रैल | 43 | 11 अप्रैल | 91 |
| 4 अप्रैल | 83 | 8 अप्रैल | 53 | 12 अप्रैल | 95 |
| | | | | 13 अप्रैल | 71 |

**मार्च तक 569.77% बढ़े थे एक्टिव केस**

एक्टिव केस बढ़ रहे हैं। 21 मार्च तक एक्टिव केस में 569.77% की बढ़त हुई थी। 21 मार्च को 45 पॉजिटिव मिले थे, ऐसा 103 दिन बाद हुआ था। अप्रैल में सर्वाधिक 9 अप्रैल को 160 मामले आए थे।

**दोनों डोज के बाद भी पुलिसकर्मी संक्रमित**

जिला बल, एसएएफ और होमगार्ड को मिलाकर 78 पुलिसकर्मी पॉजिटिव आ चुकी है। 58 एक्टिव केस है। उन्हें दोनों डोज लग चुके हैं, इससे कोई गंभीर नहीं है। अभी सिर्फ 1 पॉजिटिव मेडिकल कॉलेज में भर्ती है।

### एक साल पहले - शहर में 6 पॉजिटिव ने चौंकाया था, अब आंकड़ा 7 हजार हो चुका है

**तब** - रतलाम में पहला कोरोना विस्फोट हुआ था। शहर में एक साथ 6 पॉजिटिव सामने आए है। पहला पॉजिटिव 11 अप्रैल को मिला था। 14 अप्रैल तक कुल पॉजिटिव 7 हो गए थे। प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया था।

**अब** - स्थिति यह है कि 365 दिन में 7 पॉजिटिव का आंकड़ा बढ़कर 7 हजार पॉजिटिव मरीजों तक पहुंच गया है।

**डर** - शहर में 100 से ज्यादा संक्रमित एक दिन में मिल रहे हैं। अधिकतम का आंकड़ा 160 तक जा चुका है। आज एक घर में ही 6 या इससे ज्यादा पॉजिटिव सामने आ रहे हैं। हालात चिंताजनक है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार पत्रिका ----पृष्ठ ...5.... दिनांक 14-4 .......2021

# गर्मी लाई परेशानी: पेयजल के लिए कतार, टैंकर आते ही टूट पड़ते पानी के लिए

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 11-4-2021

**रतलाम. शहर के विभिन्न मोहल्लों में नगर निगम की पेयजल पाइप लाइन नहीं होने के चलते गर्मी की शुरुआत होते ही पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। यहां सुबह से पानी के लिए बर्तन की कतार लग जाती है। जब नगर निगम का टैंकर आता है तो पानी भरने के लिए महिलाएं से लेकर पुरुष टूट पड़ते है। अब तक इस प्रकार के माहल्लों में स्थायी समाधान की शुरुआत नगर निगम ने नहीं की है।**



शहर के शिव शंकर कॉलोनी से लेकर कब्रिस्तान के सामने वाली बस्ती में जावरा रोड पर पेयजल का संकट गर्मी शुरू होते ही खड़ा हो गया है। यहां पर प्रतिवर्ष गर्मी के समय पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो जाता है। हर बार वादे तो होते है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। ऐसे मे यहां रहने वाले करीब 500 परिवार के सामने पेयजल की समस्या कायम रहती है। शेष समय तो यहां पर रहने वाले पेयजल के लिए रेलवे स्टेशन पर आसरा तलाशते है, लेकिन गर्मी में आरपीएफ के जवान भी प्लेटफॉर्म पर आने से इनको रोकते है। ऐसे में नगर निगम के दिन में एक बार आने वाले 4 हजार लीटर के पेयजल टैंकर का ही इनको आसरा रहता है।

वैसे तो शहर की हर अवैध कॉलोनी में यह समस्या है, बड़ी अवैध कॉलोनियों में कॉलोनी के रहवासी या कॉलोनाइजर टैंकर बुलवा रहे है, लेकिन नगर निगम की पेयजल पाइप लाइन नहीं पहुंची है। कॉलोनाइजर पर कार्रवाई नगर निगम करता नहीं है व समस्या कॉलोनी के रहवासी उठाते है। **- रेशमा त्रिवेदी,** रहवासी, अरिहंत नगर

प्राथमिकता जो शुल्क दे रहे वो हैनगर निगम को जो लोग टैक्स दे रहे है वो पेयजल के लिए प्राथमिकता में है। अवैध कॉलोनी में पेयजल देने का निर्णय नहीं हुआ है। जहां जरूरी है वहां टैंकर भेजे जा रहे है। **- एसपी आचार्य,** प्रभारी जल विभाग, नगर निगम

संकलन-नगर निगम, रतलाम अखबार-दै. भास्कर----------पृष्ठ 13....दिनांक 14-4.......2021

# मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं की खामियां दो दिन में करेंगे दूर

## जिला कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा का दावा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

14-4-2021

मानता हूं कि मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं में खामियां है। नर्सेस, वार्ड बॉय सहित अन्य पैरामेडिकल स्टाफ की कमी है। इंदौर के सारे अस्पताल हाउसफुल हैं। इसलिए रतलाम के मेडिकल कॉलेज पर ज्यादा लोड है। डीन डॉ. शशि गांधी सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को किंतु-परंतु की बजाए एप्लीमेंट करने को कहा है। दो दिन में सभी कमियां दूर हो जाएगी। सीटी स्कैन मशीन के टेंडर निकल गए हैं।

यह दावा मंगलवार जिला कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने किया। उन्होंने बताया सरकार की तरफ से कोई कमी नहीं है। जितना बजट चाहिए उतना मिलेगा। स्टॉफ भर्ती की मंजूरी होकर विज्ञप्ति जारी हो चुकी है। कॉलेज प्रबंधन को परिजनों को प्रॉपर रिस्पांस देकर मरीजों से उनकी बात करवाने को भी कहा है। दस लाख की दवाइयां खरीदने के ऑर्डर कर दिए हैं।

**40 मिनट तक मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण** - शाम को सर्किट हाउस में कुछ देर रुकने के बाद मंत्री देवड़ा ने बंजली स्थित मेडिकल कॉलेज पहुंचे। कॉलेज डीन और अधीक्षक डॉ. जितेंद्र गुप्ता के साथ लगभग 40 मिनट तक कोविड केयर सेंटर, हेल्प डेस्क, स्टॉक सहित अन्य व्यवस्था देखी। इस दौरान मरीजों के अटेंडरों से भी बात की। इसके बाद कलेक्टोरेट पहुंचकर सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, डॉ. राजेंद्र पांडेय, दिलीप मकवाना, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड और डीन के साथ लगभग सवा घंटे बैठकर कॉलेज की अव्यवस्थाओं और कमियों को दूर करने की योजना बनाई।



मेडिकल कॉलेज में डीन डॉ. गांधी को निर्देश देते मंत्री देवड़ा।

# रतलाम पहुंचे मंत्री देवड़ा बोले, सिस्टम के फेल होने से बिगड़ रहे हालात

## मेडिकल कॉलेज में फूटा मरीज के परिजनों का गुस्सा, मंत्री ने दिया आश्वासन एक दिन में नजर आएगा बदलाव

पत्रिका 14-4-2021

रतलाम. मेडिकल कॉलेज के हाल जानने के लिए मंगलवार को प्रदेश के वित्त एवं रतलाम जिला कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा रतलाम पहुंचे। मेडिकल कॉलेज जाकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मरीज के परिजनों ने उन्हें घेर लिया और उनका गुस्सा मेडिकल कॉलेज के प्रति फूट पड़ा और यहां की अव्यवस्थाओं को लेकर जमकर नाराजगी जाहिर की। यहां के बिगड़े हालातों को देख जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे ने डीन डॉ. शशि गांधी से चर्चा कर नाराजगी जताई और व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए।



वहीं दूसरी ओर मंत्री की मौजूदगी में कलेक्टेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि पीड़ितों को तत्काल उपचार मिले। हमारे सिस्टम इतना मजबूत हो कि प्रत्येक पीड़ित को संतोष हो और उसके परिजनों को भी पीड़ित से संबंधित जानकारी समय पर मिल सके। प्रभारी मंत्री देवड़ा ने कहा कि इस समय हमें एक परिवार के रूप में कार्य करना है।

मंत्री देवड़ा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक सभी कमियों की पूर्ति दो दिन में की जाए। मेन पावर बढ़ाने के लिए भी उन्होंने निर्देश दिए। जिन दवाइयों की अत्यंत आवश्यकता है उन्हें सूचीबद्ध कर दवाओं की तत्काल आपूर्ति की जाए। सांसद गुमान सिंह डामोर ने कहा कि जो रिपोर्ट रिजेक्ट हो रही है उनका भी परीक्षण किया जाना चाहिए ताकि संबंधित को यह पता चले कि उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव है या नेगेटिव।

### शिकायतों का हो निराकरण

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि वार्ड में भर्ती मरीजों को परेशानी संबंधी शिकायतों का निवारण किया जाए जो डॉक्टर राउंड पर है उसकी जानकारी भी मरीजों को दी जाए ताकि मरीजों को डॉक्टर से किसी तरह की सलाह की आवश्यकता है या कोई तकलीफ है तो उन्हें तत्काल बता सके।

### कोई ठीक नहीं व्यवस्था

जावरा विधायक डॉ राजेंद्र पांडे ने कहा मरीज वार्ड में अकेला ना समझें इसके लिए ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर, नर्स, वार्ड बॉय, लगातार राउंड पर रहे। मरीज को जैसी आवश्यकता हो उसका समाधान किया जाए। इसके पूर्व कॉलेज में निरीक्षण के दौरान जावरा विधायक ने डीन को जमकर फटकार लगाई।

### सभी को मिले बेहतर उपचार

विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बेहतर उपचार मिले और भर्ती होने के तुरंत बाद उनका इलाज सुनिश्चित हो यह व्यवस्था बहुत जरूरी है। बैठक में मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. शशि गांधी, अधीक्षक डॉ. जितेंद्र गुप्ता, सीएमएचओ को समस्त व्यवस्थाएं 2 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। प्रारंभ में रतलाम जिले में कोविड-19 के तहत अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, राजेंद्र सिंह लुनेरा, ईश्वर लाल पाटीदार, शांतिलाल पाटीदार, राजेंद्र पाटीदार, मनोहर पोरवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

पत्रिका 14-4-2021

# आयुक्त ने किया सीवरेज कार्य का निरीक्षण, दिए निर्देश

## दो मुंह की बावड़ी के कचरे की सफाई करने के दिये निर्देश

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

11-5-2021



रतलाम नगर के नागरिकों को गंदे पानी की समस्या से मुक्ति दिलाये जाने हेतु नगर में डाली जा रही सीवरेज लाईन का कार्य अंतिम चरण में है, अंतिम चरण का कार्य शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण हो इस उद्देश्य से निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सहायक यंत्री श्याम सोनी के साथ विभिन्न स्थानों पर चल रहे शेष कार्यों का निरीक्षण कर कम्पनी के इंजीनियर को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

सीवरेज कार्य के तहत निगम आयुक्त श्री झारिया ने सर्वप्रथम दौलतगंज में चल रहे कार्य कार्य का निरीक्षण डाली जाने वाली शेष लाईन की लम्बाई व गहराई की जानकारी संबंधित कम्पनी के इंजीनियर से लेकर पाईप लाईन डलने के बाद रोड लेवल तक भराव कर पानी डालने मटेरियल दबने के बाद मुरम डालने व रोलर चलवाने के बाद रिस्टोरेशन कार्य करने के निर्देश दिये।

इसके पश्चात निगम आयुक्त ने तोपखाना से चांदनी चौक तक चल रहे रिस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि रिस्टोरेशन कार्य पुरी गुणवत्ता के साथ किया जाये।

इसके अलावा उन्होंने गौशाला रोड चौराहा, हाट की चौकी, हाट रोड, महाराणा प्रताप चौक, सैलाना ओवर ब्रीज के पास व साक्षी पेट्रोल पम्प के पास चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण कर कम्पनी के इंजीनियर को निर्देशित किया कि वे शेष कार्य को तीव्र गति से व पुरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें तथा कार्य के दौरान बेरिकेटिंग करने व कार्य का नाम, कार्य प्रारंभ की दिनांक, कार्य पूर्ण करने की दिनांक, कार्य की लम्बाई, इंजीनियर का नाम आदि का फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने दो मुंह की बावड़ी का निरीक्षण किया तथा बावड़ी के वर्षो पुराने कचरे को हटाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये ताकि प्राचीन जल स्त्रोत का पानी दूषित ना हो।

खटीक मोहल्ला में वर्षो पुरानी नाली की जाम समस्या के निराकरण गत रात्री को नाली के जाम को खुलवाने हेतु प्रारंभ किये गये कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा किया गया।

# वार्ड में गंदगी पाये जाने पर सूचना पत्र जारी

रतलाम। सफाई कार्य में निरंतर लापरवाही बरतने व वार्ड में गंदगी पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 17 के स्थायीकर्मी सफाई संरक्षक व वार्ड प्रभारी रमेश डागर का एक दिवस का वेतन काटने, प्रभारी के पद से हटाये जाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

वार्ड की समुचित साफ-सफाई का दायित्व वार्ड प्रभारी का होता है, प्रभारी रमेश डागर द्वारा वार्ड में नियमित सफाई नहीं करवाये जाने व वार्ड में गंदगी पाये जाने पर रमेश डागर का एक दिवस का वेतन काटा जाकर प्रभारी के पद से हटाया गया व सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

14-4-2021

# मेडिकल कालेज में बेड फुल, सक्रिय मरीजों की संख्या 1054

## मंगलवार को तीन मौत, 152 नए मरीज, पाजिटिव रेट 15 प्रतिशत तक पहुंचा, कोरोना से बचाव ही उपाय

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना की दूसरी लहर ने नए मरीजों के साथ ही मौत की संख्या भी तेजी से बढ़ा दी है। हालात यह है कि अप्रैल के पहले सप्ताह में प्रतिदिन दो मरीजों की मौत हो रही थी जो दूसरे सप्ताह में तीन हो गई है। इसके अलावा भी मुक्तिधाम पर आठ से दस शव प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। पाजिटिव रेट 15 प्रतिशत बना हुआ है। मंगलवार को 152 नए मरीज मिले। 71 स्वस्थ हुए और तीन मौत हो गई। अभी तक कुल 7000 पाजिटिव मिले हैं। 5824 स्वस्थ हुए व कुल 122 मौत हो गई हैं। 31 मार्च को कुल मरीजों की संख्या 5516 थी जबकि 4774 मरीज स्वस्थ हो चुके थे। मौत का आंकड़ा 92 था। वर्तमान में एक्टिव मरीजों की संख्या 1054 है।

**मेडिकल कालेज में आज से नर्सिंग स्टाफ की भर्ती शुरू**

मरीजों की संख्या के मान से नर्सिंग स्टाफ कम होने प अब मेडिकल कालेज ने सीधे इंटरव्यू से भर्ती शुरू की है। पदों के अनुसार भर्ती पूरी होने तक प्रतिदिन कालेज में इंटरव्यू किए जाएंगे। करीब 150 पद पर नर्सिंग स्टाफ की अस्थाई नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए कालेज प्रशासन ने विज्ञप्ति जारी कर दी है।

**बिगड़े हालात पर बोले प्रभारी मंत्री दो दिन में व्यवस्था सुधारो**

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना मरीजों को तत्काल उपचार मिले।

### दवा बाहर से मंगवा रहे, मरीजों को पानी भी नहीं मिल रहा



रतलाम मेडिकल कालेज में मरीजों के स्वजनों से चर्चा करते हुए वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा। •नईदुनिया

रतलाम। कोरोना को लेकर जिले के प्रभारी बनाए गए प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने मंगलवार को मेडिकल कालेज का दौरा कर अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान मरीजों के स्वजनों ने मेडिकल कालेज में हो रही परेशानी और अव्यवस्था को लेकर जमकर नाराजगी जाहिर की और मंत्री देवड़ा को परेशानियों से अवगत कराया। मरीजों के स्वजनों ने बताया कि दवाइयां बाहर से मंगवाई जाती हैं। सैंपल रिपोर्ट भी दो-दो दिन तक नहीं मिल रही है। हेल्प डेस्क बना दी, लेकिन मरीजों की जानकारी घंटों तक नहीं मिल पाती है। मरीजों को पानी के लिए तीन-तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान जावरा विधायक डा राजेंद्र पांडेय ने भी डीन डा शशि गांधी से इंतजामों को लेकर नाराजगी जाहिर की।

**अप्रैल में कोरोना की चाल पर नजर**

| तारीख | मरीज मिले | स्वस्थ हुए | मौत | एक्टिव मरीज |
|---|---|---|---|---|
| 01 अप्रैल | 85 | 83 | 02 | 650 |
| 02 अप्रैल | 79 | 59 | 01 | 669 |
| 03 अप्रैल | 77 | 62 | 02 | 682 |

### अस्पतालों में बेड की स्थिति

जिले में कोविड मरीजों के लिए कुल 724 बेड की व्यवस्था है। इसमें अभी 519 मरीज भर्ती हैं। चिंताजनक बात यह है कि आइसीयू और एचडीयू के गंभीर मरीजों के लिए कुल 118 में से पूरे 118 बेड भरे हुए हैं। मंगलवार रात 11.30 बजे पोर्टल पर दर्ज जानकारी के अनुसार आक्सीजन वाले 250 बेड में से 244, गैर आक्सीजन वाले 200 बेड में से 96 व रेलवे हास्पिटल के 40 बेड में से 19, आयुष ग्राम में 100 में से 30 बेड पर और सीएचसल में 16 में से 12 बेड पर मरीज भर्ती हैं।

गोपाल चंद्र डाड द्वारा दिए गए आदेश में शहर में दूध की आपूर्ति प्रातः 6 बजे से प्रातः 10 बजे तक व शाम 4:00 बजे से रात्रि 7:00 बजे तक की जा सकेगी। किराना सामान की आपूर्ति प्रातः 10 से शाम 6:30 बजे के मध्य की जा सकेगी। सब्जी और फल के लिए प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित किया गया।

**वैक्सीन उत्सव में तीसरे दिन घटी टीका लगाने वालों की संख्या**

रतलाम। जिले में मंगलवार को कोविड टीकाकरण के 89 सत्रों का आयोजन किया गया। सत्रों के दौरान

### जावरा विधायक ने जताई नाराजगी, कहा- बेहतर इंतजाम करना जरूरी

जावरा विधायक डाक्टर पांडे ने बैठक में मेडिकल कालेज में इंतजाम बेहतर करने के साथ ही आक्सीजन, रेमडेसिविर इंजेक्शन आपूर्ति की जानकारी ली। विधायक पांडे ने कहा कि मरीजों को सही जानकारी नहीं मिल रही है तो सभी इंतजाम बेहतर किए जाना जरूरी है। मरीजों से दवाओं के बदले रुपये मांगने की शिकायतें मिल रही हैं। मरीज वार्ड में अपने आपको अकेला ना समझे, इसके लिए ड्यूटी पर तैनात डाक्टर, नर्स, वार्ड बाय, लगातार राउंड पर रहें। उन्होंने जावरा में नर्सिंग स्टाफ बढ़ाने की बात भी कही। विधायक रतलाम



कलेक्टोरेट सभागार में बैठक को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा। •नईदुनिया

ग्रामीण दिलीप मकवाना ने कहा कि मेडिकल कालेज में मरीज भर्ती होने के तुरंत बाद उनका इलाज सुनिश्चित हो यह व्यवस्था बहुत जरूरी है।



मोहन टाकीज के बाहर टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करते हुए समिति सदस्य। •नईदुनिया

### परिस्थिति अनुकूल रहने पर होगा कोरोना योद्धाओं का सम्मान

रतलाम। 14 अप्रैल को विधायक अकबर अली आरिफ की सातवीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर उनकी स्मृति में स्थापित रतलाम रत्न सम्मान समिति ने उनका पुण्य स्मरण करते हुए आदरांजलि दी है। समिति के अध्यक्ष पंडित मुस्तफा आरिफ और सचिव तुषार कोठारी ने बताया कि कोरोना महामारी की बाधाओं के चलते इस वर्ष भी रतलाम रत्न सम्मान के अवार्ड पात्रों की घोषणा संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि ये

# निरीक्षण : शहर में सात जगह अंतिम चरण में पहुंचा सीवरेज का काम

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** 116 करोड़ के सीवरेज प्रोजेक्ट में पाइपलाइन डालने का काम अंतिम दौर में है। शहर में सात स्थानों पर चल रहे अंतिम चरण के कार्यों को 19 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कंपनी के इंजीनियरों को दिए हैं। मंगलवार को आयुक्त ने इन सभी स्थानों का निरीक्षण किया।

साक्षी पेट्रोल पंप से राधाकृष्ण मंदिर व टैंकर रोड तक सीवरेज लाइन डालने में आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए पूर्व पार्षद के साथ स्थल का निरीक्षण कर समस्या का निराकरण किया। इस दौरान निगम आयुक्त ने कंपनी के इंजीनियर को निर्देशित किया कि जहां-जहां सीवरेज का कार्य किया जा रहा है, वहां पर नागरिकों की जानकारी के लिये अनिवार्य रूप से फ्लेक्स बैनर लगाया जाए। जिस पर कार्य का नाम, स्थान, कार्य आरंभ व पूर्णता की तारीख, पीडीएमसी इंजीनियर का नाम व प्रोजेक्ट इंजीनियर का नाम अंकित हो।

**मजदूर व संसाधन बढ़ाएं :** सैलाना बस स्टैंड चौराहे के निरीक्षण के दौरान वहां कार्य पूर्ण पाए जाने पर आयुक्त ने स्थल का समतलीकरण कर पानी डालने व मुरम चुरी डालने व इसके पश्चात नियम समयावधि में रिस्टोरेशन व चेतक ब्रीज से फर्स्ट चर्च तक का कार्य 19 अप्रैल तक पूर्ण करने निर्देश दिए। आरोग्यम हास्पिटल से नगर निगम तिराहे तक व दौलतगंज में गेलड़ा नमकीन से घास बाजार तक के पाइपलाइन डालने के कार्य में तेजी लाने के लिए संसाधनों एवं कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि की बात कही। आयुक्त ने तोपखाना से चांदनी चौक तक, हाट रोड चौराहा व हाट रोड पुलिस चौकी के पास तथा लोहार रोड चौराहे पर चल रहे कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक यंत्री श्याम सोनी, ठेकेदार के प्रोजेक्ट मैनेजर रमेश भाई, रोहित भाई, पीडीएमसी इंजीनियर मोहित शर्मा, वैभव शर्मा, पूर्व पार्षद सीमा टांक, श्रेणिक जैन, पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।



सीवरेज कार्य का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त सोमनाथ झारिया। • नईदुनिया

## जनभागीदारी से लगवाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे

रतलाम। जनभागीदारी वाट्सएप ग्रुप अपना नगर निगम ने एक अनूठी पहल करते हुए जरूरतमंदों के लिए सहयोग राशि एकत्रित करने का अभियान चलाया। इस अभियान के तहत जमा राशि से रतलाम मेडिकल कालेज में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए अनुमति को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर गोपालचंद्र डाड से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया कि जिले में कोरोना महामारी का प्रकोप चरम पर है। संपूर्ण जिले में लाकडाउन जारी है। मेडिकल कालेज में भर्ती मरीजों के स्वजनों की सहायता के लिए सीसीटीवी लगाए जाना आवश्यक है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–इन्दौर समाचार पृष्ठ 8......दिनांक 1/6/21....2021

– दो मुंह की बावड़ी के कचरे की सफाई करने के दिये निर्देश

# निगम आयुक्त द्वारा सीवरेज कार्य का निरीक्षण

## कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश

रतलाम। नगर के नागरिकों को गंदे पानी की समस्या से मुक्ति दिलाये जाने हेतु नगर में डाली जा रही सीवरेज लाईन का कार्य अंतिम चरण में है, अंतिम चरण का कार्य शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण हो इस उद्देश्य से निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सहायक यंत्री श्याम सोनी के साथ विभिन्न स्थानों पर चल रहे शेष कार्यों का निरीक्षण कर कम्पनी के इंजीनियर को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

सीवरेज कार्य के तहत निगम आयुक्त श्री झारिया ने सर्वप्रथम दौलतगंज में चल रहे कार्य कार्य का निरीक्षण डाली जाने वाली शेष लाईन की लम्बाई व गहराई की जानकारी संबंधित कम्पनी के इंजीनियर से लेकर पाईप लाईन डलने के बाद रोड लेवल तक भराव कर पानी डलने मटेरियल दबने के बाद मुरम डलने व रोलर चलवाने के बाद रिस्टोरेशन कार्य करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने तोपखाना से चांदनी चौक तक चल रहे रिस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण कर



निर्देशित किया कि रिस्टोरेशन कार्य पुरी गुणवत्ता के साथ किया जाये।

इसके अलावा उन्होंने गौशाला रोड चौराहा, हाट की चौकी, हाट रोड, महाराणा प्रताप चौक, सैलाना ओवर ब्रीज के पास व साक्षी पेट्रोल पम्प के पास चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण कर कम्पनी के इंजीनियर को निर्देशित किया कि वे शेष कार्य को तीव्र गति से व पुरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें तथा कार्य के दौरान बेरिकेटिंग करने व कार्य का नाम, कार्य प्रारंभ की दिनांक, कार्य पूर्ण करने की दिनांक, कार्य की लम्बाई, इंजीनियर का नाम आदि का फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने दो मुंह की बावड़ी का निरीक्षण किया तथा बावड़ी के वर्षो पुराने कचरे को हटाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये ताकि प्राचीन जल स्त्रोत का पानी दूषित ना हो। खटीक मोहल्ला में वर्षों पुरानी नाली की जाम समस्या के निराकरण गत रात्री को नाली के जाम को खुलवाने हेतु प्रारंभ किये गये कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा किया गया।

को संतोष हो और उसके स्वजनों को भी सही जानकारी समय पर मिल सके। दो दिन में सभी व्यवस्थाएं सुधार ली जाएं। यह निर्देश प्रदेश के वित्त एवं रतलाम जिला कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में दिए।

बैठक में सांसद गुमान सिंह डामोर, विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डा. राजेंद्र पांडे, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, राजेंद्र सिंह लुनेरा, ईश्वर लाल पाटीदार, शांतिलाल पाटीदार, राजेंद्र पाटीदार, मनोहर पोरवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हर जिले को पर्याप्त राशि उपलब्ध करवाई गई है। हमें संक्रमण की चेन को तोड़ना है इसलिए जरूरत इस बात की है कि हम काम करने वाले लोगों का मनोबल बढ़ाएं। जिन दवाइयों की अत्यंत आवश्यकता है उन्हें सूचीबद्ध कर तत्काल आपूर्ति की जाए। सांसद डामोर ने कहा कि जो रिपोर्ट रिजेक्ट हो रही है उनका भी परीक्षण किया जाना चाहिए ताकि संबंधित को यह पता चले कि उसकी रिपोर्ट पाजिटिव है या निगेटिव।

**मरीजों को भी दी जाए राउंड लेने वाले डाक्टरों की जानकारी**

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि जो डाक्टर राउंड पर है उसकी जानकारी भी मरीजों को दी जाए ताकि मरीज किसी आवश्यकता या तकलीफ उन्हें तत्काल बता सके। उन्होंने कहा कि मरीज से स्वजन नहीं मिल पा रहे हैं इससे अधिक परेशानी होती है।

**कांग्रेस विधायक अस्पताल में मरीजों से मिले**

रतलाम। मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सैलाना विधायक हर्ष गहलोत, विधायक आलोट मनोज चावला ने पीपीई किट पहनकर मेडिकल कालेज में आइसीयू वार्ड में भर्ती मरीजों से चर्चा। इस दौरान पूर्व विधायक पारस सकलेचा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभु राठौड़, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सैलाना जगदीश पाटीदार सोलंकी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव निजाम काजी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह चौहान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सैलाना चेतन्य शुक्ला ने मेडिकल कालेज की टीम से चर्चा कर मरीजों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि जिस हिसाब से मरीज बढ़ रहे हैं उस हिसाब से कोई तैयारी नहीं है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गहलोत द्वारा फोन पर कलेक्टर गोपालचंद्र डाड व प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा से भी चर्चा की।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04 अप्रैल | 85 | 83 | 02 | 682 |
| 05 अप्रैल | 95 | 87 | 02 | 688 |
| 06 अप्रैल | 92 | 79 | 02 | 699 |
| 07 अप्रैल | 109 | 43 | 02 | 763 |
| 08 अप्रैल | 144 | 53 | 02 | 852 |
| 09 अप्रैल | 160 | 139 | 03 | 870 |
| 10 अप्रैल | 146 | 105 | 03 | 908 |
| 11 अप्रैल | 130 | 91 | 03 | 944 |
| 12 अप्रैल | 130 | 95 | 03 | 976 |
| 13 अप्रैल | 152 | 71 | 03 | 1054 |

**किराना सामान की होम डिलीवरी की व्यवस्था**

रतलाम। लाकडाउन में जिला प्रशासन द्वारा रतलाम नगर के किराना व्यापारियों के सहयोग से होम डिलीवरी व्यवस्था लागू की गई है। किराना व्यापारियों की सूची भी उपलब्ध कराई गई है। उपभोक्ता अपने-अपने क्षेत्र के किराना व्यापारियों को उनकी आवश्यकता अनुरूप अपनी किराना संबंधी मांग संबंधित किराना व्यापारियों को दूरभाष पर अथवा वाट्सएप के माध्यम से नोट करा सकेंगे। कलेक्टर



टोटल लाकडाउन के दौरान ठेलेगाड़ी से फल खरीदते हुए नागरिक। ●नईदुनिया

लोगों का टीका करण किया गया। जिले के सिविल अस्पताल जावरा में 420, बाल चिकित्सालय रतलाम में 171, जैन काश्यप सभा गृह में 207 लोगों का कोविड टीकाकरण किया गया। मोहन टाकीज केंद्र पर 101 लोगो का टीकाकरण किया गया। पंच पिपलोदा में 154, सैलाना में 184 और कांडरवासा में 150 लोगो का कोविड टीकाकरण किया गया।

**बुधवार को 35 केंद्रों पर होगा टीकाकरण**

14 अप्रैल को जिले में 35 केंद्रों पर टीकाकरण होगा। इसमें सिविल अस्पताल आलोट, सीएचसी ताल, सीएचसी खारवाकलां, स्वास्थ्य केंद्र लसुड़िया सूरजमल, बरखेड़ा खुर्द, रणायरा, लसुड़िया, शिवपुर, बाजना, रावटी, पिपलौदा, माकला, सोहनगढ़, बोरखेड़ा, जड़वासा, चिकलाना, सीएचसी सैलाना, सिविल अस्पताल जावरा में कोविड का टीकाकरण किया जाएगा। रतलाम शहर के बाल चिकित्सालय, रतलाम रेलवे अस्पताल, कम्युनिटी हाल अलकापुरी, कम्युनिटी हाल जवाहर नगर, जिला आयुष अस्पताल, जैन स्कूल काश्यप सभागृह, श्री गुरुनानक सिंधु भवन, माहेश्वरी भवन, सूरज हाल, लोकेंद्र नाथ भवन, मोहन टाकीज, कंकू मंडम भवन, गांधीनगर पर टीके लगाए जाएंगे। रतलाम शहर के प्राइवेट अस्पतालों जीडी अस्पताल, श्रद्धा अस्पताल, आरोग्यम हास्पिटल, साई श्री अस्पताल और जैन दिवाकर अस्पतालों में सशुल्क टीके लगवाए जा सकेंगे।

**टीके लगवाने व लगाने का आह्वान**

जिले में भी विशेष कोरोना वैक्सीनेशन प्रोग्राम संचालित हो रहा है। 45 वर्ष से अधिक के भाजपा कार्यकर्ता इस अभियान में अधिक से अधिक स्वयं का टीकाकरण कराएं और आम लोगों को भी टीकाकरण केंद्रों पर ले जाकर उन्हें टीके लगवाएं। यह आह्वान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, सांसद गुमानसिंह डामोर, सुधीर गुप्ता, अनिल फिरोजिया, विधायक चेतन्य काश्यप, डा. राजेंद्र पांडेय, दिलीप मकवाना ने किया है। लुनेरा ने बताया कि भाजपा द्वारा टीका उत्सव के तहत सभी मंडलों में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर 45 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को कोरोना वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना माहमारी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है। इसके साथ ही मास्क का उपयोग, दो गज दूरी एवं सैनिटाइजेशन करके ही कोरोना माहमारी से बचा जा सकता है। उन्होंने सभी जिलेवासियों से कोरोना के संबंध में शासन-प्रशासन द्वारा दिए जा रहे दिशा-निर्देशों का पालन करने की भी अपील की है।

**जैन हेल्पलाइन ने किया आह्वान**

टीकाकरण अभियान के तहत कई संस्थाओं द्वारा आमजन को जागरूक कर टीके लगवाने का आह्वान किया जा रहा है। जैन हेल्पलाइन व जैन सोशल ग्रुप के तत्वावधान में 14 अप्रैल को भी टीकाकरण मोहन टाकीज ओसवाल पंचान बड़े साथ पर लगाए जाएंगे। महेंद्र गादिया ने बताया कि अभी तक 432 लोगों को टीके लगाए जा चुके हैं।

**ढोल, डमरू और शंख बजाकर किया जागरूक**

टीकाकरण के लिए श्री अनलट भैरव सेवा समिति के रवि पंवार, चेतनसिंह, संजय चौपड़ा, मनोज पंवार, पुष्पेंद्र, शैलेंद्र, प्रतीक, मोक्ष, ज्यु, देवेंद्र, चंदा सोनी ने वार्ड क्रमांक-42 में घर-घर जाकर ढोल, डमरू और शंख बजाकर टीकाकरण के लिए आग्रह किया। मास्क लगाने, शारीरिक दूरी और कोरोना की गाइड लाइन का पालन करने का अनुरोध किया गया।

**जीतो रतलाम चेप्टर ने भेंट किए पांच कंप्यूटर सेट**

रतलाम। शासकीय मेडिकल कालेज में संचालित कोविड हास्पिटल को 'जीतो' (जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन) रतलाम चेप्टर ने पांच लेटस्ट वर्जन कम्प्यूटर सेट (कम्प्यूटर, प्रिंटर्स, यूपीएस) भेंट किए हैं। जीतो के फाउंडर डायरेक्टर और विधायक चेतन्य काश्यप की प्रेरणा से संस्था ने इन उपकरणों के साथ-साथ हास्पिटल में अतिआवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां सहित चार लाख रुपये से अधिक की सामग्री प्रदान की।

जीतो रतलाम चेप्टर के चेयरमैन व मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ जोन के वाइस प्रेसिडेंट मुकेश जैन ने बताया कि मेडिकल कालेज व कोविड हास्पिटल प्रबंधन के साथ हुई बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप के मार्गदर्शन में उक्त सामग्री देने का निर्णय लिया गया था। कालेज की ओर से हास्पिटल के लिए डीन डा. शशि गांधी और अधीक्षक डा. जितेंद्र गुप्ता ने सामग्री प्राप्त की। इस दौरान रतलाम चेप्टर के चीफ सेक्रेटरी जयंत जैन, वाइस प्रेसिडेंट निर्मल लुनिया, अनिल कटारिया, पूर्व चेयरमैन आइएम जैन, कोषाध्यक्ष महेंद्र बोथरा, जयंतीलाल मूणत, मेघ लुनिया आदि मौजूद रहे।



शासकीय मेडिकल कालेज में कंप्यूटर सेट भेंट करते हुए जीतो के पदाधिकारी। ●नईदुनिया

... है। यदि परिस्थितियां अनुकूल रही तो पांच अगस्त 2021 को जन्म शताब्दी समारोह मनाया जाएगा। इस अवसर पर कोरोना महामारी में सक्रिय भूमिका निभाने वाले विशिष्टजनों को रतलाम रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। पुण्य तिथि पर समिति के उपाध्यक्षद्वय आनंदीलाल गांधी, अजबुनिसा कादरी समिति के सदस्य कैलाश व्यास, जोएब आरिफ, शरद जोशी, डा. मुरलीधर चांदनीवाला, डा. प्रदीप कोठारी, यूसुफ जावेदी एडवोकेट, हिम्मत गेलड़ा, राजेश जैन, उमेश झालानी, फैज रतलामी और पीरूलाल डोडियार ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. अवन्तिका पृष्ठ 7 दिनांक 14-4 2021

# निगम आयुक्त द्वारा सीवरेज कार्य का निरीक्षण

- कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश
- दो मुंह की बावड़ी के कचरे की सफाई करने के दिये निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

14-4-2021



नगर के नागरिकों को गंदे पानी की समस्या से मुक्ति दिलाये जाने हेतु नगर में डाली जा रही सीवरेज लाईन का कार्य अंतिम चरण में है, अंतिम चरण का कार्य शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण हो इस उद्देश्य से निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सहायक यंत्री श्याम सोनी के साथ विभिन्न स्थानों पर चल रहे शेष कार्यों का निरीक्षण कर कम्पनी के इंजीनियर को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

सीवरेज कार्य के तहत निगम आयुक्त श्री झारिया ने सर्वप्रथम दौलतगंज में चल रहे कार्य कार्य का निरीक्षण डाली जाने वाली शेष लाईन की लम्बाई व गहराई की जानकारी संबंधित कम्पनी के इंजीनियर से लेकर पाईप लाईन डलने के बाद रोड लेवल तक भराव कर पानी डालने मटेरियल दबने के बाद मुरम डालने व रोलर चलवाने के बाद रिस्टोरेशन कार्य करने के निर्देश दिये।

इसके पश्चात निगम आयुक्त श्री झारिया ने तोपखाना से चांदनी चौक तक चल रहे रिस्टोरेशन कार्य का निरीक्षण कर निर्देशित किया कि रिस्टोरेशन कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाये।

इसके अलावा उन्होंने गौशाला रोड चौराहा, हाट की चौकी, हाट रोड, महाराणा प्रताप चौक, सैलाना ओवर ब्रीज के पास व साक्षी पेट्रोल पम्प के पास चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण कर कम्पनी के इंजीनियर को निर्देशित किया कि वे शेष कार्य को तीव्र गति से व पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें तथा कार्य के दौरान बेरिकेटिंग करने व कार्य का नाम, कार्य प्रारंभ की दिनांक, कार्य पूर्ण करने की दिनांक, कार्य की लम्बाई, इंजीनियर का नाम आदि का फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने दो मुंह की बावड़ी का निरीक्षण किया तथा बावड़ी के वर्षों पुराने कचरे को हटाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये ताकि प्राचीन जल स्त्रोत का पानी दूषित ना हो।

खटीक मोहल्ला में वर्षों पुरानी नाली की जाम समस्या के निराकरण गत रात्री को नाली के जाम को खुलवाने हेतु प्रारंभ किये गये कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा किया गया।

संकलन—नगर निगम, रतलाम अखबार—नई दुनिया—पृष्ठ 12...दिनांक 14-4...2021

# 'व्यवस्था ऐसी करें कि लोगों का काम-धंधा चलता रहे'

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना समीक्षा में अधिकारियों से बोले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

14-4-2021

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में लॉकडाउन नहीं कोरोना कर्फ्यू है। इसमें ऐसी व्यवस्था करें, जिससे लोगों का काम-धंधा व रोजी-रोटी चलती रहे। जन जागरण से ही संक्रमण की चेन टूटेगी। जनता स्वप्रेरणा से कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए। अनावश्यक रूप से लोग घरों से बाहर न निकलें। इस प्रकार का संयम रखकर हम कोरोना पर जल्द प्रभावी नियंत्रण कर सकते हैं। सभी मंत्री अपने प्रभार के जिले में जी जान लगाकर लोगों को जागरूक करने का काम करें। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ की सेवानिवृत्ति की अवधि बढ़ाई जाए। साथ ही जो सेवानिवृत्त हो गए हैं, यदि वे चाहें तो उन्हें संविदा पर रखा जाए।

बैठक में सभी मंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संबंधी व्यवस्थाओं में पैसे की कमी नहीं आने दी जाएगी। सभी जिला अस्पतालों में अच्छे से अच्छा प्रबंधन हो, इसकी चिंता की जाए। बड़े अस्पतालों में लिक्विड ऑक्सीजन संयंत्र तथा एयर सेपरेशन यूनिट की व्यवस्था भी की जा रही है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और धर्मेंद्र प्रधान से ऑक्सीजन की उपलब्धता को लेकर बात कर रहा हूं। सिटी स्कैन मशीन की व्यवस्था होगी।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान (बीच में) ने मंत्रालय से कोरोना नियंत्रण के संबंध में नियुक्त मंत्रियों और जिला प्रभारी अधिकारियों के साथ समीक्षा की। • जनसंपर्क विभाग

**प्रधानमंत्री की चार बात याद रखें:** उन्होंने कहा कि सभी लोग कोरोना नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री की चार बातें, हर व्यक्ति कम से कम एक व्यक्ति को टीका लगवाने में मदद करे, एक व्यक्ति का इलाज करवाने में मदद करे, एक व्यक्ति को मास्क लगवाएं और स्व प्रेरणा से माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाएं, याद रखें।

**इंदौर और भोपाल में सबसे ज्यादा नए प्रकरण:** जिलेवार समीक्षा में पाया गया कि इंदौर में 1,552 और भोपाल में 1,456 में सर्वाधिक नए प्रकरण आए हैं। सीएम ने कहा, हर जिले में 1075 (कमांड एंड कंट्रोल सेंटर नंबर) कॉल सेंटर को प्रभावी बनाया जाए। यहां पर जिले में बिस्तरों आदि व्यवस्था की जानकारी हो। इससे होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की निगरानी होती है। बैठक में निर्देश दिए गए कि सामान्य सर्दी, जुकाम, बुखार आदि के लिए भी दवाओं की किट दी जाए।

## कोविड सेंटर चलाने में संस्थाओं की लेंगे मदद

भोपाल। प्रदेश में कोरोना संक्रमण बढ़ रहा है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में सक्रिय प्रकरणों की संख्या में वृद्धि हुई है। कोविड केयर सेंटर चलाने में स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जाएगा। भविष्य में एम्स में जो भी बिस्तर खाली होंगे वे कोरोना मरीजों के लिए आरक्षित रहेंगे। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को मीडिया से चर्चा में कही। मुख्यमंत्री ने बताया कि कोरोना मरीजों के लिए बिस्तर, ऑक्सीजन, रेमडेसिविर इंजेक्शन की व्यवस्था करने के साथ हर जिले में कोविड केयर सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए रहवासी संघों और कॉलोनियों के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। इसमें संघों से जनजागरण के लिए सहयोग मांगा जाएगा। एम्स प्रबंधन से बात करके यह सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में जो भी बिस्तर खाली हों, उन्हें कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए आरक्षित किया जाए। आखिर संसाधनों की भी सीमा है। उन्होंने कहा कि संक्रमण से बचने के लिए सावधानियां बरतना जरूरी है। अनावश्यक आवागमन को टालना होगा। गांव के लोग शहर आने को टालें और शहरों में कॉलोनियों से भी तभी निकलें, जब अति आवश्यक स्थिति हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि भोपाल में आरकेडीएफ और पीपुल्स अस्पताल तथा इंदौर में इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। राज्य में नौ अप्रैल को कुल 30,702 बिस्तर (17,452 शासकीय और 13,250 निजी अस्पतालों में) उपलब्ध थे। 13 अप्रैल मंगलवार को प्रदेश में 32,446 बिस्तर उपलब्ध हैं। इनमें से 19 हजार 410 शासकीय और 13 हजार 36 बेड निजी अस्पतालों में हैं। वहीं, 43 जिलों में कोविड केयर सेंटर आरंभ हो गए हैं। इनमें 7,215 सामान्य बिस्तर हैं। इसके अतिरिक्त कम लक्षण वाले मरीजों के लिए 4,847 बिस्तरों की व्यवस्था है। ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 12 अप्रैल को 267 टन ऑक्सीजन उपलब्ध कराई गई। जबकि, आठ अप्रैल को 130 टन ऑक्सीजन ही उपलब्ध थी। प्रदेश में ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए टैंकरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। टैंक बेरोकटोक ऑक्सीजन ले जा सकें, इसके लिए उन्हें एंबुलेंस जैसी सेवा घोषित किया है। ऑक्सीजन के उपयोग के ऑडिट की व्यवस्था भी की जा रही है।

---

**कोरोना संकट**
रिटायरमेंट की उम्र सीमा बढ़ाई

# अभी रिटायर हो रहे डॉक्टर-पैरामेडिकल स्टाफ 4 महीने संविदा ड्यूटी कर सकेंगे

भास्कर 14-4-2021

**भास्कर न्यूज | भोपाल** जो डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ मार्च में रिटायर हो चुके हैं या फिर अप्रैल में रिटायर होने वाले हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। सरकार उनकी रिटायरमेंट की उम्र सीमा चार महीने बढ़ा रही है। कोरोना संक्रमण के दौर में मेडिकल स्टॉफ की कमी न हो, इसीलिए मंगलवार को यह निर्णय लिया गया। इसके साथ ही निगम, मंडलों, सार्वजनिक उपक्रमों, गृह विभाग और स्थानीय निकायों से रिटायर होने वालों को भी जरूरत के अनुसार संविदा पर रखा जाएगा।

- निगम, मंडल, सार्वजनिक उपक्रमों एवं स्थानीय निकायों के कोरोना अभियान में काम करने वाले अधिकारी व कर्मचारी जो 31 मार्च को रिटायर हो चुके हैं या इसके बाद रिटायर हो रहे हैं, वे अभियान से जुड़े रहना चाहते हैं तो सरकार उन्हें 31 जुलाई तक संविदा पर रख सकती है।
- वर्ग 3 व 4 के कर्मचारी को संविदा नियुक्ति उनके जिला प्रमुख देंगे।

दै. भास्कर 14-4-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 15 दिनांक 15-5-2021





## मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को देखा, कलेक्टोरेट में अधिकारियों के साथ बैठक की

# कोरोना प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा रतलाम आए



रतलाम ▪ राज न्यूज नेटवर्क 14-5-21

कोरोना संक्रमण के नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री द्वारा बनाए गए प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा आज रतलाम आए। श्री देवड़ा ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ मेडिकल कालेज का मुआयना किया एवं कलेक्टोरेट में बैठक कर हालातों की जानकारी ली। मेडिकल कालेज के बारे में डीन डॉ.शशि गांधी एवं प्रभारी अधिकारी शिराली जैन से पूरी जानकारी लेकर श्री देवड़ा संतुष्टी जाहिर की। सांसद गुमानसिंह डामोर, विधायक चेतन्य काश्यप, राजेन्द्र पाण्डेय, दिलीप मकवाना, कलेक्टर गोपालचंद डाड, एसपी गौरव तिवारी, एडीएम जमुना भिड़े के साथ श्री देवड़ा ने कलेक्टोरेट में बैठक की जिसमें वैक्सीनेशन शिविर एवं अन्य बातों पर भी चर्चा की।

## 550 से अधिक श्रमिकों का वैक्सीनेशन हुआ

रतलाम (आरएनएन)। मालवा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री रतलाम संभाग द्वारा आयोजित आयुष महोत्सव के तहत पोरवाल इंडस्ट्रीज, श्रीराम इंडस्ट्रीज औद्योगिक क्षेत्र, नानेश निकेतन दिलीप नगर, मालवा ऑक्सीजन प्राइवेट लिमिटेड में वैक्सीनेशन कैंप के तहत 550 से अधिक व्यक्तियों ने वैक्सीनेशन लगवाया।

अमलेटा सरपंच वीरेंद्रसिंह ने स्वयं वैक्सीनेशन करवाकर ग्रामीण क्षेत्र के रहवासियों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रतलाम शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत एवं डिस्ट्रिक्ट इम्यूनाइजेशन ऑफिसर श्रीमती डॉक्टर वर्षा कुरील ने भी वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण कर संस्था के पदाधिकारियों की इस पहल हेतु प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन ग्रामीण व औद्योगिक क्षेत्र में कार्य कर रहे श्रमिकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उद्योग विभाग के महाप्रबंधक श्री मुकेश शर्मा ने भी आयुष महोत्सव के तहत 550 से अधिक व्यक्तियों का वैक्सीनेशन सहयोग हेतु उद्योगपतियों को धन्यवाद ज्ञापित कर संस्था से भविष्य में भी सहयोग का निवेदन किया।

मालवा चेंबर के वरुण पोरवाल ने कलेक्टर गोपालचंद डॉड, एसडीएम अभिषेक गहलोत एवं स्वास्थ्यकर्मियों का आभार माना एवं सभी उद्योगपतियों से निवेदन किया कि कार्यरत श्रमिक जो कि 45 वर्ष से अधिक हैं उन्हें टीकाकरण हेतु जल्द से जल्द सेंटर पर भेजें। पोरवाल ने बताया कि संस्था द्वारा श्रमिकों व उनके परिवारजनों के आने जाने हेतु वाहन की भी व्यवस्था रखी गई है जिससे कि वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचने में कठिनाई ना हो। वरुण पोरवाल एवं ललित पटवा द्वारा शिवनगर कॉलोनी रहवासियों के घर-घर जाकर वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वदेश 21 ----पृष्ठ 3.....दिनांक 14-4...2021

# वार्ड में गंदगी पाए जाने पर प्रभारी को सूचना पत्र जारी

रतलाम ● सफाई कार्य में निरंतर लापरवाही बरतने व वार्ड में गंदगी पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 17 के स्थायीकर्मी सफाई संरक्षक व वार्ड प्रभारी रमेश डागर का एक दिवस का वेतन काटने, प्रभारी के पद से हटाए जाने व सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। वार्ड की समुचित साफ-सफाई का दायित्व वार्ड प्रभारी का होता है, प्रभारी रमेश डागर द्वारा वार्ड में नियमित सफाई नहीं करवाए जाने व वार्ड में गंदगी पाए जाने पर रमेश डागर का एक दिवस का वेतन काटा जाकर प्रभारी के पद से हटाया गया व सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

स्वदेश 21 14-4-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 15 दिनांक ........2021

# कोरोना की दूसरी लहर का कहर, सिर्फ 7 दिन में मिले 971 संक्रमित

# 7000 रतलाम में कुल कोरोना पॉजिटिव अब तक की सबसे तेज रफ्तार

भास्कर संवाददाता | रतलाम

14-4-2021

रतलाम जिले में कोरोना संक्रमण बेलगाम हो चुका है। मंगलवार को कुल संक्रमित का आंकड़ा 7000 पर आ गया। 7 दिन में ही 971 पॉजिटिव सामने आ गए हैं, जो कि अब तक की सबसे तेज रफ्तार है। 6 अप्रैल को संक्रमितों का आंकड़ा 6000 पार हुआ था। 92 पॉजिटिव मिले थे, कुल संक्रमित का आंकड़ा 6029 पर आ गया था।

## 152 नए पॉजिटिव, 3 ने तोड़ा दम

मंगलवार को 152 नए पॉजिटिव सामने आए, चिंताजनक बात यह है कि 3 लोगों ने दम तोड़ दिया। जिले में अब तक सिर्फ 13 दिन में 30 मौत हो चुकी है। जिले में 5 दिन से लगातार 1 दिन में 3 पॉजिटिव मौत की खबर आ रही है। इससे पहले 1 दिन में एक मौत ही हो रही थी। संक्रमित में 7 साल के बच्चे से लेकर 95 साल के बुजुर्ग शामिल है।




### रतलाम जिले के अस्पतालों में बेड की स्थिति

| मेडिकल कॉलेज | | |
|---|---|---|
| यूनिट | उपलब्ध | भर्ती |
| आईसीयू/एचडीयू/वेंटीलेटर | 118 | 118 |
| आइसोलेशन विथ ऑक्सीजन | 250 | 244 |
| आइसोलेशन विथ आउट ऑक्सीजन | 200 | 96 |

| रेलवे अस्पताल | |
|---|---|
| उपलब्ध | 40 |
| भर्ती | 19 |

| सीएचसी | |
|---|---|
| उपलब्ध | 16 |
| भर्ती | 12 |

| आयुष ग्राम | |
|---|---|
| उपलब्ध | 100 |
| भर्ती | 30 |

कुल 724 बेड उपलब्ध है, 519 मरीज भर्ती है जबकि 205 खाली है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 1 दिनांक 14–4 2021

# दो कर्मचारियों को सेवा बर्खास्तगी के नोटिस, 4 को वार्ड प्रभारी बनाया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

14-4-2021

कार्य में लापरवाही बरतने और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर दो कर्मचारियों को सेवा बर्खास्त करने का नोटिस जारी किया। 4 को वार्ड प्रभारी बनाया।

कार्रवाई में स्वास्थ्य विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी राकेश मेहता और संदीप शर्मा का तीन दिवस का वेतन काटा जाकर नोटिस जारी हुआ है। इन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य करने से मना कर दिया था। इसके अलावा मोनिका चौहान को वार्ड 8, सतीश चौहान को वार्ड 17, विनोद चावरे को वार्ड 21 और नयन विजय शिंदे को वार्ड 37 का प्रभारी नियुक्त किया है। शहर में स्वच्छ सर्वे अभियान के तहत अभियान चलाया जा रहा है। जगह-जगह पर नालों की सफाई की जा रही है। कचरा सेंटर रहे वहां सफाई कर रंगोली भी बनाई जा रही है। जवाहर नगर नाले से निगम अमले ने गंदगी निकाली लेकिन उसे उसे उठाकर नहीं ले गए और वहीं पर छोड़ दिया। इससे वहां मच्छर पनप रहे हैं और लोग परेशान हो रहे हैं।